कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, अमरोहा।
पत्रांक 331/14–1, दिनांक, अमरोहा, जुलाई, 30, 2022,
सेवा

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड– अमरोहा।

विषय :– जनपद अमरोहा, हस्तिनापुर वन्य जीव विहार की सीमा के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड अमरोहा द्वारा 220 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु 0.07 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं 06 वृक्षों के विदोहन हेतु ऑन लाइन Proposal No. FP/UP/TRANS/148929/2021(राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की स्थायी समिति) से अनापत्ति/वन्यजीव क्लीयरेन्स बावत प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0लखनऊ का पत्र संख्या 257/11–सी दिनांक 21.07.2022

महोदय

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा प्रेषित जनपद अमरोहा, हस्तिनापुर वन्य जीव विहार की सीमा के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड अमरोहा द्वारा 220 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु 0.07 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं 06 वृक्षों के विदोहन हेतु ऑन लाइन Proposal No. FP/UP/TRANS/148929/2021 पर कतिपय बिन्दुओं पर आपत्तियां की गयी है।

उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है, कि आप बिन्दु संख्या–1, 2, व 5 पर अपनी रिपोर्ट इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्ताव पर बिन्दुवार आख्या उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।

पत्रांक / उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव, उ0प्र0लखनऊ।
2. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद/मेरठ।

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।